web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 18 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 80

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मारूति वैन में आग लगने के बाद हुआ ब्लास्ट, हवा में उड़े कार के टुकड़े

**भोपाल (आरएनएस)।** राजधानी भोपाल में मंगलवार को उस वक्त हडक़ंप मच गया जब एक कार में आग लगने के बाद ब्लास्ट हो गया। कार में ब्लास्ट होते ही बम धमाके की तरह आवाज आई जिससे इलाके में दहशत फैल गई। राहत की बात ये है कि कार में ब्लास्ट की इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। कार ब्लास्ट का एक वीडियो भी सामने आया है जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना मंगलवार सुबह 11.45 बजे की है। बता दें ऐशबाग इलाके में फातमा बी की मस्जिद के पास एक वैन खड़ी थी। इसमें अज्ञात वजह से आग लग गई। धीरे-धीरे आग फैल गई। इससे वैन आग की लपटों में घिर गई। कुछ देर बाद ही वैन में ब्लास्ट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वैन में एलपीजी सिलेंडर लगा था। संभवत: यह एलपीजी से ही चलती होगी। आग लगने के बाद सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इसकी आवाज से पूरा इलाका दहशत में आ गया। रहवासी मयंक यादव ने तुरंत फायर ब्रिगेड स्टेशन पर कॉल करके सूचना दी। इसके बाद बोगदा पुल से दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। ब्लास्ट के बाद भी करीब 15 मिनट तक वैन में आग लगी रही।

### अमृतसर : गिरफ्तार युवकों के साथियों ने किया विस्फोट, पुलिस स्टेशन के पास धमाके पर बोले पुलिस कमिश्नर

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर में मंगलवार तडक़े करीब 3 बजे इस्लामाबाद पुलिस स्टेशन के पास तेज धमाके की आवाज से इलाके में सनसनी फैल गई। धमाके की आवाज सुनकर लोगों की नींद खुल गई। धमाके के समय पुलिस थाने में भी कई पुलिस कर्मी मौजूद थे। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। धमाके की खबर मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया। आनन-फानन में जांच टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस का आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच कर जायजा ले रहे हैं। अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि थाने के बाहर आवाज आई। हम अभी जांच कर कर रहे है। हमने कुछ दिन पहले ही एक मामले में कुछ युवक गिरफ्तार किए थे कि और कुछ युवकों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, क्योंकि इस मामले में काफी युवक गिरफ्तार हुए थे तो वह अपनी मौजूदगी एहसास करवाने के लिए कुछ कर रहे है। जो युवक फरार हैं, उनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा । एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाके की खबर मिलते ही हम लोग मौके पर पहुंचे हैं। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हम जल्दी ही निष्कर्ष पर पहुंच जाएंगे। स्थानीय निवासी पवन कुमार ने बताया कि रात में करीब 3.15 बजे बड़े ही तेज धमाके की आवाज आई। धमाका इतनी तेज था कि इसे सुनकर सारे लोग घबरा गए। धमाका जबरदस्त था। लेकिन शुरुआत में यह नहीं पता चल सका कि यह बम जैसी आवाज कहां से आई। उसके बाद लोग अपने-अपने घर चले गए। लेकिन, लोगों में जबरदस्त दहशत फैल गई। इसके बाद किसी व्यक्ति ने कहा कि इस्लामाबाद थाने में हमला हो रहा है। तो हम लोगों ने कहा कि यह हमला जैसा तो नहीं लग रहा है क्योंकि आवाज कुछ समय के लिए आई, फिर बंद हो गई। फिर हम लोगों को लगा कि कहीं बम तो नहीं फटा है। हम लोगों को अभी तक नहीं पता है कि यह हमला क्यों हुआ है।

## वन नेशन, वन इलेक्शन बिल के पक्ष में 269 वोट, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से कराई गई वोटिंग

**नई दिल्ली । आरएनएस**



लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पेश किया। इस बिल के पेश होने के बाद सांसद में जोरदार हंगामा हुआ। विपक्ष के सांसदों ने इस बिल को लोकतंत्र के खिलाफ बताया। इन सब के बीच इस बिल को स्वीकार कराने के लिए लोकसभा में वोटिंग कराई गई।

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल के समर्थन में कुल 269 सांसदों ने वोटिंग की तो वहीं, इस बिल के खिलाफ 198 सांसदों ने मत दिया। इस बिल को स्वीकार कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से वोटिंग कराई गई।

कांग्रेस, सपा और एनसीपी ने इस बिल को जेपीसी के पास भेजे जाने की मांग की।

बिल को अब विचार-विमर्श के लिए संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाएगा।

बता दें कि लोकसभा में इस बिल को पेश किए जाने का कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी, शिवसेना उद्धव गुट समेत कई विपक्षी दलों ने विरोध किया। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि जो एक साथ 8 राज्यों में विधानसभा चुनाव नहीं करा पाए वह पूरे देश में एक साथ चुनाव की बात करते हैं। वहीं, टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह बिल संविधान की मूल भावना के खिलाफ है।

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, हम इस बिल का कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। इस बिल के जरिए राष्ट्रपति को ज्यादा शक्ति दी गई है कि वह अब 82 ए के द्वारा विधानसभा को भंग कर सकते हैं। ये अतिरिक्त शक्ति राष्ट्रपति के साथ चुनाव आयोग को भी दी गई है। 2014 के चुनाव में 3700 करोड़ खर्च हुआ, इसके लिए ये असंवैधानिक कानून लाए हैं। संविधान में लिखा है कि पांच साल के कार्यकाल से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। वन नेशन, वन इलेक्शन बिल पूरे भारत के चुनाव को प्रभावित करेगा, हम ये नहीं होने देंगे। हम इसका विरोध करते हैं। इस बिल को जेपीसी में भेजा जाए।

वहीं, तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक का समर्थन किया। चंद्रबाबू नायडू की पार्टी के सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश का पैसा बचेगा। अगर एक साथ चुनाव होते हैं, तो लगभग 40 प्रतिशत खर्च बचेगा। इसी तरह हर पार्टी का पैसा भी बचेगा।

## छत्तीसगढ़ के सभी संभागों में खुलेगा सिम्स, दस लाख तक का इलाज होगा फ्री

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश के सभी संभागों में एम्स की तर्ज पर सिम्स खोला जाएगा, जिसकी शुरूआत बिलासपुर से हो चुकी है। साय सरकार के पहले डिजिटल बजट में इसका निर्णय लिया गया था। राजधानी के डीकेएस सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल में जल्द ही आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू होने वाली है। शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के माध्यम से राज्य के 77 लाख 20 हजार परिवारों को पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज मिल रहा है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये तक किए जाने का लक्ष्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसके लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है।

**स्वास्थ्य बजट में 38.5 फीसदी की बढ़ोतरी-** पिछले एक साल में स्वास्थ्य सुविधाओं में तेजी से सुधार हुआ है। लोगों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत विशेष स्थितियों में इलाज के लिए 25 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है। बीते नौ माह में करीब 1200 लोगों को 43 करोड़ रुपये की सहायता दी जा चुकी है।

प्रदेश के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान आंबेडकर अस्पताल से मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 231 करोड़ की लागत से 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने स्वास्थ्य बजट 5461 करोड़ को बढ़ाकर 7,563 करोड़ रुपये किया है। स्वास्थ्य बजट में 38.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

**पिछले एक साल में मिली प्रमुख उपलब्धियां**

- सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों और संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों के बढ़ाए अधिकार।
- डीन और अस्पताल अधीक्षक को आवश्यकता अनुसार दो करोड़ रूपये तक के दिए गए वित्तीय अधिकार।
- बस्तर में मलेरिया के प्रकरणों में आई 50 प्रतिशत की कमी। पॉजीटिव दर 4.6 से घटकर हुई 0.34 फीसद।
- केंद्र सरकार की ओर से राज्य के 266 सरकारी अस्पतालों को मिला क्वालिटी सर्टिफिकेशन।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम अंतर्गत 26 जिलों में चल रहीं 32 डायलिसिस यूनिट।
- एक साल में एक करोड़ 32 लाख लोगों की सिकलसेल एनीमिया की हुई स्क्रीनिंग।
- सरकारी अस्पतालों में प्रसव 70.2 प्रतिशत से बढक़र हुआ 85.7 प्रतिशत।
- 90 प्रतिशत गर्भवती माताओं को मिल रहा जननी सुरक्षा योजना का लाभ द्य
- राज्य की 11,664 में से 2198 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित।
- हृदय रोग से पीड़ित 443 बच्चों का किया गया फ्री इलाज।

## ड्रग क्वीन पूनम को 15 साल की सजा, साथी संदीप को 10 साल की कैद

**चंडीगढ़ । आरएनएस**

ड्रग तस्करी के मामले में चर्चित ड्रग क्वीन सैक्टर-40 निवासी पूनम (39) और उसके साथी गौतम कालोनी, जेके फार्म हाउस नरेला, दिल्ली निवासी संदीप खत्री (42) को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है। पूनम को 15 साल कैद और 1.5 लाख जुर्माना, जबकि संदीप को 10 साल कैद और 1 लाख जुर्माने की सजा सुनाई गई है। पूनम पर यह पहला मामला नहीं है। वह पहले भी ड्रग तस्करी के आरोप में जेल जा चुकी है। 2022 में डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने उसे इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 के पास से गिरफ्तार किया था। उसके पास से 610.1 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 2.70 करोड़ आंकी गई थी। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने 2022 में गणतंत्र दिवस और पंजाब चुनावों के मद्देनजर इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में पंजाब रोडवेज के पास नाकाबंदी की थी।

दोपहर करीब 1:25 बजे, एक सफेद-नीली स्विफ्ट डिजायर (डीएल-8सी-एयू-2492) पुलिस चेक पोस्ट के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही ड्राइवर ने गाड़ी बैक करने की कोशिश की, लेकिन गाड़ी बंद हो गई। गाड़ी के ड्राइवर ने अपना नाम संदीप खत्री और साथ बैठी महिला ने अपना नाम पूनम बताया। दोनों के पास छोटे पॉलिथीन बैग थे। जब उनकी तलाशी ली गई, तो पूनम के बैग से 404.2 ग्राम और संदीप के बैग से 205.9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। कुल वजन 610.1 ग्राम था।

जांच में पता चला कि पूनम दिल्ली में नाइजीरियन तस्कर ओला से चिट्टा खरीदती थी। जीरकपुर पहुंचकर उसने संदीप खत्री से संपर्क किया, जिसने चिट्टा डिलीवरी के लिए अपनी स्विफ्ट डिजायर में उसे चंडीगढ़ के सैक्टर-40 ले जाने की योजना बनाई थी। पूनम पर 10 केस दर्ज, जिनमें चोरी, राइटिंग, और एनडीपीएस के मामले शामिल हैं।

## सीएम फडणवीस की नागपुर रैली की भीड़ में लुटेरों ने की 26 लाख के गहनों की चोरी, 11 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर । आरएनएस**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस पहली बार नागपुर पहुंचे। उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं ने भव्य रैली का आयोजन किया था। एयरपोर्ट से लक्ष्मी नगर चौक तक जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान लुटेरों की मौज हो गई।

33 लोगों के लूटे गए 26 लाख के गहने

सीएम फडणवीस की रैली में चेन स्नेचिंग और गहने- जेवरात जमकर लूटे गए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की है। पुलिस ने लूट-पाट और चेन स्नेचिंग गिरोह के 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी ने 33 लोगों के लगभग 26 लाख रुपए के गहने चोरी कर लिए।

11 आरोपी गिरफ्तार

इस मामले में बजाज नगर पुलिस में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उनका एक साथी फरार है। 7 आरोपियों को कार्यकर्ताओं ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। सभी आरोपियों को 19 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

दूसरे जिलों से आए थे लुटेरे

पुलिस ने बताया कि आरोपियों का एक गिरोह नागपुर में 1 दिन पहले ही अहमदनगर, जलाना और यवतमाल से आया था। यहां सीएम रैली में शामिल हुआ था। सभी आरोपी हवाई अड्डे से रैली में शामिल हुए थे।गिरोह ने हवाई अड्डे से सोने गांव पुलिस थाने से प्रताप नगर और बजाज नगर थाने क्षेत्र तक करीब 33 लोगों के गहने चुराए हैं।

सीएम की रैली में थी बहुत ज्यादा भीड़

पुलिस ने कहा कि सीएम की रैली में भीड़ बहुत ज्यादा थी। दूसरे जिलों से आए लुटेरों ने इसका फायदा उठाया। वहीं, पुलिस अब इन लुटेरों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने इन 11 आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की भी बात कही है।

## पहले सबरीमाला पहाड़ की चढ़ाई की, फिर नीचे लगा दी छलांग, अय्यपा मंदिर में श्रद्धालु ने की आत्महत्या

**केरल । आरएनएस**



केरल के पत्तिनमथि_ा जिले के सबरीमाला के प्रसिद्ध अय्यपा मंदिर में एक श्रद्धालु ने आत्महत्या कर ली। मरने वाले व्यक्ति की पहचान तमिलनाडु के तिरुवल्लुवर जिले के जगन संपत के रूप में हुई है। मंदिर परिसर में श्रद्धालु द्वारा आत्महत्या किए जाने से सनसनी फैल गई।

**पहले चढ़ाई की फिर लगाई छलांग**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, सोमवार की शाम को जगन संपत ने सबरीमाला पहाड़ की चढ़ाई की थी। इसके बाद मंदिर परिसर में बने घी अभिषेक काउंटर की छत से उन्होंने अचानक छलांग लगा दी।

**खुदकुशी के कारणों का नहीं चला पता**

नीचे मौजूद लोगों ने तुरंत मंदिर प्रबंधन को अलर्ट किया। इसके बाद उन्हें चिकित्सकीय सहायता दी गई, लेकिन अधिक खून बह जाने के चलते अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो गई है। खुदकुशी के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। सबरीमाला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**पांच लाख रुपये का मुफ्त बीमा कवरेज**

बता दें कि पिछले महीने ही मंडलम-मकरविलक्कू तीर्थयात्रा सत्र के दौरान भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन करने वाले सबरीमाला तीर्थयात्रियों को पांच लाख रुपये का मुफ्त बीमा कवरेज दिए जाने का ऐलान किया गया था। केरल सरकार के मंत्री वीएन वासवन ने कहा था कि अयप्पा मंदिर का प्रबंधन करने वाली शीर्ष संस्था त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (ञ्जष्ठक्च) ने इस साल सबरीमाला आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए बीमा कवरेज की शुरुआत की है।

**मंदिर के बोर्ड को दी गई ये खास जिम्मेदारी**

साथ ही उन्होंने कहा था कि सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए पहाड़ी मंदिर में व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। वासवन ने कहा था यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पांच लाख रुपये का बीमा कवरेज प्रदान किया जाएगा। तीर्थयात्रियों की मृत्यु की स्थिति में, देवस्वोम बोर्ड शव को घर लाने के लिए भी व्यवस्था करेगा।

## मंगेतर को वीडियो कॉल कर युवती ने लगा ली फांसी, सुसाइड को लेकर सामने आई ये जानकारी

**ग्वालियर । आरएनएस**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड कर ली। सुसाइड से पहले उसने अपने मंगेतर को वीडियो कॉल किया और फिर गले में फंदा डाल लिया। इस घटना से घबराए मंगेतर ने तत्काल मामले की जानकारी युवती के चचेरे भाई को दी। चचेरा भाई भी दौडक़र घर पहुंचा लेकिन तब तक युवती फांसी के फंदे पर लटक चुकी थी। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया।

**4 अक्टूबर को हुई थी सगाई-** युवती के परिजनों ने आशंका जताई है कि मंगेतर उसे परेशान कर रहा था। इसके चलते उसने यह आत्मघाती उठाया है। जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के ललितपुर की रहने वाली 22 वर्षीय युवती ग्वालियर के बहोड़ा पुर के विनय नगर इलाके में अपने चाचा राधे कुशवाहा,चचेरे भाइयों और अन्य परिजनों के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। 4 अक्टूबर को उसकी सगाई गुढ़ी का नाका इलाके में रहने वाली अर्जुन कुशवाहा से हुई थी। इसके बाद दोनों की फोन पर बातचीत भी होने लगी। **दोनों के बीच विवाद की बात आ रही सामने-** बताया जा रहा है कि बीते रोज युवती घर में अकेली थी तभी व्हाट्सएप पर अर्जुन का उसके पास कॉल आया और किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। युवती ने अर्जुन को आत्महत्या करने की धमकी दी। अर्जुन ने भी तत्काल उसके चचेरे भाई कर्तव्य कुशवाहा को बताया कि उसकी बहन आत्महत्या करने जा रही है। जानकारी मिलते ही भाई तत्काल घर के लिए दौड़ा लेकिन तब तक वह घर में फांसी लगा चुकी थी। **पुलिस ने दर्ज किया मामला-** घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया। परिजनों का आरोप है कि मंगेतर उसे परेशान कर रहा था। इसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा का कहना है कि फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## अब नए हैंडबैग के साथ संसद पहुंची प्रियंका गांधी, इस बार बांग्लादेशी हिंदुओं की बात

**नई दिल्ली । आरएनएस**

सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा की एक तस्वीर सामने आई है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रियंका गांधी मंगलवार को एक हैंडबैग लेकर पहुंचीं, जिसमें लिखा है, बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों।

इस बैग पर एकता को दर्शाती मु_ी और शांति दूत कबूतर बने हैं।

केरल की वायनाड सीट से सांसद प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की थी। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शून्यकाल के दौरान बांग्लादेश का मुद्दा उठाते हुए कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो अत्याचार हो रहा है, सरकार को उसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, बांग्लादेश सरकार से बातचीत करनी चाहिए और पीड़ितों को पूरा समर्थन देना चाहिए।

दूसरा दिन है जब प्रियंका गांधी खास संदेश से बना बैग लेकर पहुंची हैं। एक दिन पहले वो फिलिस्तीन के समर्थन वाला हैंडबैग लेकर पहुंची थीं। जिसमें उनका फिलिस्तीन प्रेम दिखाई दिया था। संसद के शीतकालीन के दौरान प्रियंका गांधी सोमवार को एक बैग लेकर पहुंचीं, जिसमें 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बैग के जरिए सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं।

इसे लेकर उन्हें काफी आलोचना भी झेलनी पड़ी थी।

हालांकि यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी।

## 22 साल पाकिस्तान में गुजारने के बाद भारत लौटी हमीदा बानो, ट्रैवल एजेंट ने दिया था धोखा

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दो दशक पहले एक ट्रैवल एजेंट के झांसे में आकर पाकिस्तान पहुंचने वाली भारतीय महिला हामिदा बानो 22 साल बाद वापस अपने वतन लौटी हैं।

भारत पहुंचने पर व्हीलचेयर पर बैठी हमीदा को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद भारतीय आव्रजन एवं सीमा शुल्क विभाग ने उन्हें जिला प्रशासन के तहसीलदार अटारी के पास भेज दिया। इसके बाद हमीदा को इलाज के लिए अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल ले जाया गया।

हमीदा बानो ने अपनी दर्दनाक यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे एक ट्रैवल एजेंट ने धोखे से पाकिस्तान ले आया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत वापस आ पाऊंगी। लेकिन, एक साल पहले ही भारतीय दूतावास ने मुझसे संपर्क किया और मुझे बताया कि मैं वापस आ सकती हूं। इस घटना से पहले मैं मुंबई में रहती थी।

महिला ने बताया कि एक ट्रैवल एजेंट ने मुझे नौकरी के लिए दुबई ले जाने का वादा किया था, लेकिन वह मुझे पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद ले आया। मैं डर गई थी।

हमीदा ने पाकिस्तान में झेली गई कठिनाइयों का वर्णन करते हुए कहा कि वहां मेरा जीवन जिंदा लाश जैसा था। हालांकि, पाकिस्तानी सरकार ने मुझे कभी नुकसान नहीं पहुंचाया। मैं एक सिंधी व्यक्ति के साथ रहती थी जिसने मुझसे शादी की थी। लेकिन 12 साल बाद, उनका निधन हो गया।

हमीदा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों को वतन लौटने में उनकी सहायता के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं।

बता दें कि साल 2022 में एक स्थानीय यूट्यूबर वलीउल्लाह मारूफ की वजह से हमीदा की दुर्दशा की ओर सबका ध्यान गया। उन्होंने एक ब्लॉग में उनकी कहानी साझा की, जिससे उन्हें भारत में अपने परिवार से फिर से जुडऩे में मदद मिली। मारूफ की कोशिशों से हामीदा की बेटी यास्मीन उनसे फोन पर बात करने में सक्षम हुई।

2002 में भारत छोडऩे से पहले, हमीदा अपने पति की मृत्यु के बाद अपने चार बच्चों का आर्थिक रूप से भरण-पोषण कर रही थीं। धोखेबाज भर्ती एजेंट का शिकार होने से पहले उन्होंने बिना किसी परेशानी के दोहा, कतर, दुबई और सऊदी अरब में रसोइया के रूप में काम किया था।